20

बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

आदेश

सं०सं०–2/एम०–112/2025– /स्वा०, पटना, दिनांक / /2026

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सीतामढ़ी के पत्रांक–636, दिनांक–16.02.2026 द्वारा अवगत कराया गया कि विभागीय अधिसूचना संख्या–1017(2), दिनांक–11.09.2020 के आलोक में डा० अमरनाथ यादव, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, सीतामढ़ी द्वारा दिनांक–15.09.2020 को योगदान समर्पित कर दिनांक–20.12.2020 तक अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन किया गया। तत्पश्चात स्वयं की बीमारी के कारण दिनांक–21.12.2020 से 01.08.2022 तक अपने कर्त्तव्य से अनुपस्थित रहे है। डा० यादव के द्वारा स्वास्थ्य स्थिति सामान्य होने के उपरान्त पुनः दिनांक–02.08.2022 को पूर्व पदस्थापित स्थान पर योगदान कर अबतक कार्यरत है। असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सीतामढ़ी द्वारा डॉ0 यादव द्वारा दिनांक–02.08.2022 को समर्पित योगदान के स्वीकृति के संबंध में मार्गदर्शन हेतु अनुरोध किया गया है।

2. असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सीतामढी द्वारा मॉगे गये मार्गदर्शन के समीक्षोपरान्त डा० यादव द्वारा दिनांक–02.08.2022 को सदर अस्पताल, सीतामढी में समर्पित किये गये योगदान को घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान किया जाता है।

3. डा० अमरनाथ यादव, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, सीतामढी के विरूद्ध अनधिकृत अनुपस्थिति के लिए विहित प्रपत्र में आरोप–पत्र गठित कर अविलम्ब विभाग को उपलब्ध करायी जाय।

4. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–
(विनोद कुमार पाठक)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–2/एम०–112/2025– 2617(2)/स्वा०, पटना, दिनांक 2/11/2026

प्रतिलिपिः–महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, जमुई को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर/असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सीतामढ़ी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–माननीय मंत्री स्वास्थ्य के आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सविव /सभी विशेष सचिव/सभी अपर सचिव/सभी उप सचिव/सभी विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी अवर सचिव/सभी निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः–अधीक्षक, सदर अस्पताल, सीतामढी/डा० अमरनाथ यादव, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, सीतामढी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–श्री अमित कुमार, डाटा एनालिस्ट/आई०टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/11/26
सरकार के उप सचिव।